प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.01.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन महोबा में भव्य रैतिक परेड एवं देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित-

आज दिनांक **26.01.2025** को जनपद महोबा में देश का 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में भव्य रैतिक परेड व देशभक्ति विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में माननीय जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के साथ संयुक्त रुप से ध्वजारोहण किया गया एवं परेड का मान प्रणाम लिया गया।

भव्य रैतिक परेड में नागरिक पुलिस, पी०ए०सी०, महिला पुलिस, एनसीसी, रेडियो शाखा, यू०पी० **112** इत्यादि टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट व हर्ष फायरिंग कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई, जिसके उपरान्त मार्च पास्ट के दौरान महोबा पुलिस ने अपने आधुनिक वाहनों एवं उपकरणों के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन किया तथा हर्ष फायरिंग कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई।

परेड मार्चअप के क्रम में सभी टोलियाँ निर्धारित वेषभूषा में मंच से गुजरी इस दौरान प्रत्येक ने मुख्य अतिथि महोदय को सलामी दी। मंच से गुजरते हुये टोली कमाण्डरों के कमाण्ड पर परेड में विभिन्न रंगों की निर्धारित वेशभूषा में सजे पुलिसकर्मियों की तीव्र कार्यवाहियों पर मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर तालियाँ बजायीं, तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय् द्वारा संबोधन भाषण दिया गया, संबोधन के पश्चात मुख्य अतिथि महोदय को परेड कमाण्डर क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता गंगवार द्वारा टोलियों के कमाण्डरों से परिचय कराया गया तथा सभी टोली कमाण्डर्स को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा एक शानदार परेड के आयोजन किये जाने पर बधाई देते हुये मोमेन्टो प्रदान किया गया।

इसी क्रम में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य कर जनपद पुलिस का मान बढ़ाने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

बाद परेड विभिन्न विद्यालयों के बच्चों व पुलिसकर्मचारियों द्वारा देशभक्ति, सामाजिक, क्षेत्रीय व साहस भरे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनके उत्साह वर्धन हेतु मां0 जिला जज, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली स्कूल टीमों को पुरस्कृत करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि मा0 जिलाधिकारी महोदय, मा0 जिला जज, पुलिस अधीक्षक महोबा, न्यायिक अधिकारियों एवं अपर पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह/मोमेन्टों भेंट किये गये।

साथ ही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े परिवारों को मिलाने हेतु चलाये जा रहे परिवार परामर्श केन्द्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मा0 जिला जज, समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित जनपद के अन्य अधिकारीगण /कर्मचारीगण, समाजसेवी, पत्रकार बन्धु, सम्मानित नागरिकगण द्वारा अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढायी गयी।